



# गोशाला निर्माण को लेकर भक्तों में हर्ष व्याप्त

▸ क्षेत्र में अलौकिक और मनमोहक गोशाला की अनूठी छाप लाबरिया गोशाला





**लाबरिया । बदनावर रोड पर लाबरिया के समीप महल जैसी भव्य गौशाला का निर्माण हो रहा। संत श्री कमल किशोर जी नागर लगातार कार्य का जायजा ले रहे है। और गोशाला निर्माण को लेकर भक्तों में हर्ष व्याप्त है तथा क्षेत्र में अलौकिक और मनमोहक गोशाला का निर्माण अनूठी छाप के समान हे**

पिछले तीन दशको मे मालवा-निमाड़ अंचल मे समाज सुधार के क्षेत्र मे जो कार्य हुए उसमे मालव माटी के माँ सरस्वती के वरद पुत्र गौसेवक प्रख्यात भागवत प्रवचनकर्ता संत श्री कमल किशोर जी नागर का अहम योगदान रहा। मालवा की मीठी वाणी से आपने समाज सुधार के लिए जो अलख इस क्षैत्र मे जगाई वह प्रंशनीय है। वर्तमान और भविष्य को लेकर आपकी सोच हमेशा औरों के लिये प्रेरणा स्त्रोत रही है। आपके प्रयास से लाबरिया के समीप महल जैसी भव्य गौशाला का निर्माण हो रहा है।

आधुनिक निर्माण---पिछले दो वर्ष की बात करे तो संत श्री का स्नेह सरदारपुर क्षेत्र के देदला, राजोद एंव लाबरिया सहित क्षैत्र को प्राप्त हो रहा है। राजोद एंव देदला की गौशाला भी बडे गौतीर्थ के तौर पर विकसीत हुई हैं, वही लाबरिया गौशाला को लेकर संत श्री नागर जी सोच आधुनिक एवं आगामी 50 वर्ष आगे की है।

लाबरिया गौशाला पर चल रहे निर्माण कार्यो का जायजा लेन आए संत श्री नागर जी ने कहा की वर्तमान यदि सुधर गया तो भविष्य की चिंता नही होगी, आज का युवा आधुनिकता की एवं पश्चिमी सभ्यता के चलते भटक चुका है। टीन शेड की गौशाला देखकर उसके मन मे गौमाता की सेवा का भाव पुर्ण रूपेण नही दिखाई देता लेकिन हमारा मानना है की यदि गौशाला भव्य एवं महल जैसी होगी तो युवा वर्ग का? ध्यान इस ओर खीचा चला आयेगा और धर्म से जुडकर अपने जीवन में सुधार लाएगे।

संत श्री नागर जी ने कहा की परिवार का युवा वर्ग घुमने फिरने पहाड़ी क्षेत्र या पुराने महल देखने जाता है। महल जैसी गौशाला निमार्ण करने का मन मे विचार आया और यहा के लोगों की श्रद्धा एवं सेवाभाव को देखते हुए यहा पर किले जैसी भव्य गौशाला तैयारी हो रही है।

> सामाजिक और धार्मिक आयोजनों से गोशाला होंगी आत्मनिर्भर संत श्री ने बताया की उदयपुर, जयपुर, चित्तौडगढ जैसी जगहो पर युवा वर्ग पुराने महल देखने जाते है लेकिन लाबरिया की गौशाला इन्ही महलो जैसी होगी, बाहर गार्डन होगा, हाथी, ऊँट के स्टेच्यु होगे वही फव्वारे के साथ हाईमास्क लैंप लगेगे। संत श्री ने कहा की आज लोग बडे गार्डन मे जाकर शादी ब्याह जैसे आयोजन करते है जिससे लाखो रू खर्च करते है। लेकिन इस महल जैसी गौशाला मे ये लोग धार्मिक, सामाजिक आयोजन करेंगे तो इससे उनका जुड़ाव गौ माता की और बढ़ेगा। कम खर्च मे ही उन्हे महल जैसे पर्यटन स्थल जैसा आयोजन स्थल मिल जायेगा। वही गौशाला भी आत्मनिर्भर बनेगी।

## एक नजर में

### अज्ञात चोर ने दुकानों का ताला तोड़कर 12 हजार रुपये नकद और सामान चोरी कर ले गए




नागदा । स्थानीय बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित एक साथ दो पान की दुकान में शुक्रवार रात चोरों ने धाबा बोल दिया ।अज्ञात चोर पान की दुकानों का ताला तो?कर करीब 12000 हजार रुपये नकद व सारा सामान चोरी कर ले गए जो तकरीबन 30000 रूपये का बताया जा रहा हे ।गुरूवार सुबह जब पान दुकान संचालक दुकान पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा पाया ।दुकान संचालक ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी है ।वही बस स्टैंड जैसे आवाजाही वाले क्षेत्र में चोरी की वारदात होने से लोगों में दहशत व्याप्त है ।लोगों का कहना है कि जब बस स्टैंड जैसे क्षेत्र में चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे सकते हैं तो अन्य सुनसान क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं ब? सकती हैं ।क्षेत्र के लोगों ने पुलिस से रात में गश्त ब?ाए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब बस स्टैंड जैसे क्षेत्र में चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे सकते हैं तो अन्य सुनसान क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं ब? सकती हैं ।क्षेत्र के लोगों ने पुलिस से रात में गश्त ब?ाए जाने की मांग की है।

### दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव शुरू

**मनावर में तैयारियां पूरी, अधिकारियों की लगाई ड्यूटी**

मनावर । दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 6 दिसंबर को मनावर में किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा सुबह 10ः00 बजे सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल सेमल्दा रोड पर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। 06 से 07 दिसंबर तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव के लिए मनावर में तैयारियां पूरी कर ली गई है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमएल ठाकुर द्वारा खेल महोत्सव के सफल संचालन के लिए विभिन्न खेल स्थलों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी का संशोधित आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार 2 दिन के इस खेल महोत्सव में कुल आठ प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा। कबड्डी सीनियर वर्ग 17 वर्ष से अधिक आयु बालक/ बालिका एवं खो खो जूनियर वर्ग 14 से 17 वर्ष,,सीनियर 17 वर्ष से अधिक का आयोजन शासकीय महाविद्यालय पर होगा। इसी प्रकार कबड्डी जूनियर वर्ग बालक /बालिका एवं एथलेटिक्स 100 मीटर ,400 मीटर ,800 मीटर सांदीपनी विद्यालय, बैडमिंटन साई रेसिडेंसी धार रोड एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता विद्योदय महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी। जिनमें सभी प्रतिभागियों को आधार कार्ड एवं अंक सूची की छाया प्रति साथ लाना अनिवार्य है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, जिला व मंडल अध्यक्ष, खेल प्रकोष्ठ प्रभारी, शासन प्रशासन के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम, पुलिस प्रशासन स्कूली शिक्षा व जनजाति कार्य विभाग के अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, पीटीआई, महाविद्यालय प्राचार्य, खेल अधिकारी, एनसीसी, एनएसएस सहित सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति प्रातः 10ः00 बजे अनिवार्य होगी। कार्यक्रम को लेकर खेलों की समय सारणी, खिलाड़ियों की व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा, पेयजल, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शुभारंभ के बाद प्रतिभागी निर्धारित खेल मैदान की ओर प्रस्थान करेंगे। खेल महोत्सव का समापन 7 दिसंबर को होगा।

### एक ही मामले में लगाई बार-बार याचिका कोर्ट की कड़ी फटकार



इंदौर. जय आदिवासी संगठन (जयस) द्वारा खरगोन में एक आरक्षक और इंस्पेक्टर के बीच हुए विवाद को लेकर बार-बार याचिका लगाना भारी पड़ गया. कोर्ट ने इस जनहित याचिका को निजी उद्देश्य से प्रेरित मानते हुए न केवल नाराजगी जताई, बल्कि जयस पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया. कोर्ट ने कहा कि कोर्ट को क्या तमाशा समझ रखा है. दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.जयस के खरगोन जिला अध्यक्ष सचिन सिसोदिया की तरफ से हाई कोर्ट में लगाई गई इस याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया. शासन की तरफ से इस याचिका पर एडिशनल एडवोकेट जनरल अरनंद सोनी ने तर्क प्रस्तुत किए थे. कोर्ट ने कहा कि इस मामले में पहले भी याचिकाएं लगी थीं, लेकिन बाद में उसे वापस ले लिया गया. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जनहित याचिका तभी स्वीकार की जा सकती है, जब उसमें वास्तविक सार्वजनिक हित व जनप्रभाव हो. जनहित याचिका का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### नियम विरुद्ध हूटर-बत्ती वाली निजी गाड़ियों पर हाईकोर्ट सख्त

इंदौर. परिवहन विभाग की अनदेखी के चलते शहर की सड़कों पर नियम विरुद्ध हूटर और बत्ती लगाकर निजी गाड़ियां खुलेआम दौड़ रही हैं. इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. इसी को लेकर हाईकोर्ट में दायर की गई एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई. कोर्ट ने परिवहन विभाग की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए परिवहन उपायुक्त को व्यक्तिगत तौर पर कोर्ट में पेश होकर जवाब देने के निर्देश दिए हैं. निजी वाहनों पर हूटर और बत्ती के दुरुपयोग के खिलाफ दायर इस जनहित याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में प्रशासनिक जज की खंडपीठ में सुनवाई हुई.

मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने परिवहन विभाग से यह बताने को कहा था कि शहर में चल रही ऐसी गाड़ियों पर कार्रवाई के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं, लेकिन शासन के वकील बिना किसी हलफनामे के कोर्ट पहुंचे, जिस पर खंडपीठ ने नाराजगी जताई.

अगली सुनवाई में उपायुक्त को जवाब देने का निर्देश

मामले के याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनीष यादव ने दलील दी कि शहर में बड़ी संख्या में निजी गाड़ियां वीआईपी मूवमेंट के दौरान हूटर बजाती हुई निकलती हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर विभाग सिर्फ इक्का-दुक्का मामलों का हवाला दे रहा है. इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए अब परिवहन विभाग के उपायुक्त को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर विस्तृत जवाब पेश करने के आदेश दिए हैं.

# पलायन करने को मजबूर क्षेत्र के मजदूर

## मनरेगा योजना में विकास कार्य ठप होने से आर्थिक संकट से जूझ रहे मजदूर परिवार



***पिछले कार्यो के ठेकेदार और सामग्री उधार देने वालों की राशि भी अटकी पड़ी***

**बाग** - वाहन की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा जो ग्रामीण क्षेत्रो के गरीब मजदुरो के लिए सोने पर सुहागा का काम कर रही थी ।इसके माध्यम से कहीं लोगों का रोजगार भी चल रहा था । परंतु पिछले दो तीन वर्षों से इस महत्वपूर्ण योजना पर विराम लगा हुआ है यानी पुरी तरह बंद पड़ी है जिसके चलते बड़ी संख्या में गरीब मजदुर पलायन करने को मजबुर है क्योंकी मनरेगा बंद होने से गावो में कोई कार्य नहीं चल रहा है ।एसे में मरता क्या नहीं करता की तर्ज पर आज बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदुर पलायन कर रहै है बाजार सुनसान पड़े हैं कार्यालय से लेकर पंचायत तक सूनसान पड़ी है ।इस योजना के माध्यम से पंचायत स्तर पर कहीं छोटे बड़े कार्य चलते रहते रहते थे । जो आज कहीं से कहीं तक वो कार्य नजर नहीं आ रहै है ।

विगत दो तीन वर्ष से ठेकेदार और सामग्री की राशि अटकी, लेने वाले लगा रहे चक्कर एक तरफ जहां जमकर मनरेगा का कार्य हर पंचायत में लबरेस चल रहा था । उमें कुछ बाजार के दुकानदार ओर निर्माण कार्य करने वालो की मोटी राशि अटकी पड़ी है ।जो उधार देने वाले दुकानदार व कार्य करने वाले ठेकेदार जनपद कार्यालय के चक्कर काट रहै है ।कहीं लोग यह राशि नहीं मीलने से बहुत परेशान हैं । ओर एक दुसरे के उपर ढोलकर अपनी इतिश्री कर रहै है ।विभागीय आला अधिकारी भी इस मामले में कुछ नहीं बोल पा रहै है ।तो सवाल यही उठता है की अधिकारी ही इसके लिए पेरवी नहीं करेंगे और सही जवाब नहीं दे पाएंगे तो आखिर इस राशि का होगा क्या ओर कब इन्हे राशि मिलेगी समय पर राशि नहीं मिलना उनके लिए बड़ी संकट की घड़ी उत्पन्न हो रही है।



## राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद ने डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर किया नमन


सरदारपुर । भारत रत्न डॉ. भीमराव जी अंबेडकर की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद द्वारा सरदारपुर अंबेडकर चोराहा स्थिति प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कि एवं राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद के अध्यक्ष बालुसिंह बारिया व संरक्षक भारत सिंह खराड़ी ने बताया कि हर साल 6 दिसंबर को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें बाबा साहेब अंबेडकर के नाम से जाना जाता है। अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता (आर्किटेक्ट) थे। डॉ.अंबेडकर एक सम्मानित नेता, विचारक और सुधारक थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन समानता के लिए वकालत और जाति-आधारित भेदभाव को मिटाने के लिए समर्पित कर दिया। देशभर में लाखों लोग इस पवित्र दिन पर उनकी शिक्षाओं और नयाय पूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण की प्रति बलद्धता पर विचार कर के उनकी विरासत को श्रद्धांजलि देते हैं।

# भगवान हमेशा भजन करने वाले भक्त को ही आगे बढ़ाता है



मनावर । मनावर गीता ज्ञान प्रचारक समिति द्वारा सिंघाना रोड पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस कथावाचक पंडित प्रवीण शर्मा ने कहा कि भगवान हमेशा भजन करने वाले भक्त को ही आगे बढ़ता है तथा निंदा करने वालों को हमेशा पीछे छोड़ देता है जिस प्रकार चाहे कितनी भी महंगी कार हो वह हमेशा बुराई रूपी धुआ पीछे से ही छोड़ती है ।पंडित शर्मा ने कहा कि जब भी पवित्र सरोवर नदियां गंगा नर्मदा आदि में स्नान करने के लिए जाते हैं तो जीवन में हमेशा% तर %जाने का भाव लेकर जाना चाहिए तैरने का भाव लेकर नहीं जाना चाहिए पवित्र नदियां डुबकी लगाने के लिए होती है तैरने के लिए नहीं हम जब भी नर्मदा स्नान के लिए जावे तो घर में धार्मिक उपयोग कि हुई सामग्री लेकर नर्मदा में विसर्जित करने नहीं जावे वही नर्मदा स्नान के दौरान साबुन का उपयोग भी नहीं करना चाहिए किनारो को हमेशा स्वच्छ एवं साफ रखना चाहिए अपने अंग वस्त्र को भी नर्मदा नदी में नहीं धोना चाहिए हम किस्मत वाले हैं कि हमें नर्मदा नदी का किनारा मिला हम हमेशा मां नर्मदा के ऋणी रहेंगे जो हमें अपना निर्मल जल उपलब्ध कराती है कथा के अंतिम पहर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया शेषनाग वाली टोकरी में नन्हे से कृष्ण को लाया गया पूरा पंडाल कृष्ण मय हो गया और भगवान कृष्ण की जयकारे गुंजने लगे भक्तगण नाचते गाते हुए भगवान कृष्ण को लेकर चल रहे थे .

# दादा गुरुदेव की भव्य चित्र प्रदर्शनी और रथ यात्रा का नगर में प्रवेश



सरदारपुर । दादा गुरुदेव की पुण्य भूमि राजगढ़ नगर में प्रातः स्मरणीय विश्व वंदनीय परम पूज्य दादा गुरुदेव श्री राजेंद्र सुरिश्वरजी महाराज साहब की 200 वी द्वि जन्म शताब्दी निमित्ते दादा गुरुदेव के हस्त निर्मित 421 चित्रों की चित्र प्रदर्शनी दिनांक 7-12-25,रविवार को लगाई जाएगी। जिसके अंतर्गत प्रातः 8ः00 बजे गुरु मंदिर राजेंद्र कॉलोनी से गाजे - बाजे एवं नगर की महिला मंडल के साथ रथ यात्रा प्रारंभ होगी जो राजेंद्र द्वार ,मेंन चौपाटी ,चबूतरा चौक ,जैन चौक होते हुए राजेंद्र भवन पहुंचेगी जहां प्रातः 9ः30 बजे नगर के वरिष्ठ समाजजन फीता काटकर इस चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे ।सकल जैन श्री संघ राजगढ़ की ओर से सभी समाजजनों को अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस चित्र प्रदर्शनी को सफल बनाने की अपील की है। राजेंद्र भवन पर ही इस रथ यात्रा में शामिल सभी समाज जनों के लिए नवकारसी की भी व्यवस्था रखी गई है ।उक्त जानकारी श्रीसंघ अध्यक्ष संदीप खजांची ने दी ।

**एक नजर** ▸ अग्रवाल समाज धार के तत्वावधान में श्रद्धा शगुन गार्डन में होगा आयोजन, तैयारियां जोरों पर

# अग्रवाल समाज धार का दो दिवसीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 10-11 जनवरी को




धार। मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा धार द्वारा अग्रवाल समाज धार के सानिध्य में दो दिवसीय आयोजित अखिल भारतीय विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन धार स्थित श्रद्धा शगुन गार्डन में 10 एव 11 जनवरी को होगा जिसको लेकर परिचय सम्मेलन आयोजन समिति के मुख्य संयोजक बबनलाल अग्रवाल, अनंत अग्रवाल, मनोहरलाल अग्रवाल की सहमति से संयोजक गोपी किशन अग्रवाल ने कार्य समिति की घोषणा की जिसमें मुख्य संयोजक, बबनलाल अग्रवाल, अनंत अग्रवाल, मनोहरलाल अग्रवाल, समन्वयक जगदीशचन्द्र अग्रवाल, प्रकाश मोदी, कैलाशचन्द्र अग्रवाल, राजेश गुप्ता, आशीष गोयल, संयोजक, गोपीकिशन अग्रवाल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष योगेश अग्रवाल,महाप्रबंधक, पराग अग्रवाल (ज्वेलर्स),परामर्श दाता, कल्याणमल अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, गिरधारीलाल अग्रवाल, डॉ. उमेश मित्तल, डॉ. के.सी. जिंदल, राजेन्द्र मोदी, प्रहलाददास अग्रवाल (लाल हवेली), गिरिराज अग्रवाल, बंशीधर अग्रवाल,प्रकाशचन्द्र अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुरेशचन्द्र गोयल, डॉ. एन. के. गुप्ता, द्वारका अग्रवाल,मार्गदर्शक मोहन अग्रवाल, सतीश गोयल,सतीश अग्रवाल, वल्लभ अग्रवाल,महेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अजय मोदी,द्वारका अग्रवाल, शिव अग्रवाल,चेतन मित्तल, राजेन्द्र अग्रवाल, रंजीत अग्रवाल, प्रवीण गर्ग, प्रमोद सेनापति, दीपक अग्रवाल, अशोक गर्ग,महेश मालक, पवन अग्रवाल, किशन गोयल, सुरेश गर्ग, दिलीप अग्रवाल,महामंत्री दीपक अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल,उपाध्यक्ष दिलिप सांधी, गोपाल मंगल, दीपक अग्रवाल, सुशील गर्ग,अनूप गुप्ता, राजेश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, विमल गर्ग, केशव अग्रवाल,मंत्री मुकेश गोयल,मनीष गुप्ता, मनीष अग्रवाल,दर्पण मंगल, द्वारका अग्रवाल, नवीन गर्ग,निमिष गोयल, संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, द्वारका अग्रवाल,सहमंत्री सुनिल गर्ग, शैलेन्द्र अग्रवाल, अम्बर गुप्ता, पवन अग्रवाल, आनंद अग्रवाल,शैलेन्द्र अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, प्रसाद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, कमल महाजन,कोषाध्यक्ष मुरली अग्रवाल,प्रचारमंत्रीराजेन्द्र अग्रवाल, राकेश गर्ग,हार्दिक मित्तल,सहकोषाध्यक्ष अर्पित अग्रवाल,सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री सतीश चन्द्र अग्रवाल,मीडिया प्रभारी अशोक मित्तल, श्याम मंगल लेबड,सहकार्यालय मंत्री।

> अनिल गुप्ता,सलाहकार विनोद बंसल, जयकिशन अग्रवाल,विशेष सहयोगी, अग्रवाल समाज सेवा ट्रस्ट, बबनलाल अग्रवाल (मामाजी), डॉ. के. सी. जिंदल, अशोक गर्ग (टायरवाले), मोहन अग्रवाल (मधुर),सतीश गोयल (गुणावद वाले), वल्लभ अग्रवाल (इंजिनीयर),संजय अग्रवाल (वर्तन वाले), मुकेश गोयल (गोयल ब्रदर्स). प्रहलाद अग्रवाल (लालहवेली), राजेन्द्र अग्रवाल (वृन्दावन), मुकेश गोयल (ऑइल वाले) एवं अग्रवाल सखी समिति, एवं कार्यकारिणी के सदस्य मनोहित किये गए। मुक्त जानकारी अशोक मित्तल एवं श्याम मंगल लेबड ने दी।

### सरदारपुर सिविल अस्पताल की लापरवाही अब चरम पर है।

सरदारपुर ।कल रात पूरे 20 मिनट तक लाइट बंद रहीज जबकि अस्पताल में जनरेटर मौजूद है! अंधेरे में मरीज मच्छरों और डर के बीच तड़पते रहे, और सबसे बड़ी चिंता—अगर उसी अंधेरे में किसी महिला मरीज के साथ कोई अनहोनी हो जाती, तो इसका जम्मिेदार कौन? इतना बड़ा अस्पताल होने के बाद भी न कोई जिम्मेदार मौके पर न किसी अधिकारी ने स्थिति संभाली। आपसे विनम्र निवेदन है कि ऐसी घोर लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर तुरंत कठोर कार्रवाई करें, ताकि आम जनता की जान और सम्मान सुरक्षित रहे, और अस्पताल व्यवस्था सुधर सके।